प्री बिड मीटिंग बैठक :– आशा कार्यक्रम पर एनिमेशन फिल्म निर्माण कार्य

आज दिनांक 15.11.2016 को आशा कार्यक्रम पर एनिमेशन फिल्म निर्माण के लिए आमंत्रित बिड क्रमांक 9/2016–17 हेतु प्रीबिड मीटिंग की बैठक में एक मात्र फर्म मै. तारामणी, 1297, सांघों का रास्ता, किशन पोल बाजार, जयपुर ही उपस्थित हुई । फर्म के प्रतिनिधि श्री वैभव ने अपने अभ्यावेदन के द्वारा निम्न सुझाव बताये :–

1. बिड में वांछित टर्नओवर राशि रू. 1.00 करोड़ की मांग की गई है, जबकि कार्य की कुल लागत राशि रू.25.00लाख उल्लेखित की गई है । इसे संशोधित कर अन्य आमंत्रित निविदाओं के अनुसार तर्कसंगत रखा जाना चाहिए ।
2. बिड में कितनी फिल्मों का निर्माण किया जाना है यह स्पष्ट नहीं हो रहा है क्योंकि एक स्थान पर एक फिल्म बतायी गई है, अन्य स्थान पर तीन अलग –2 पार्ट बताया गया है ।
3. सामान्य एनिमेशन फिल्म 5–10 मिनिट के होते हैं । इन फिल्मों में एनिमेशन के अलावा मूल आशा सहयोगिनी कार्यकर्ताओं को भी शामिल करते हुए फिल्म निर्माण की जानी उचित होगी ।
4. यदि आशा कार्यकर्ता से उनके क्रियाकलापों के सम्बन्ध में जानकारी लेनी हो तो उनसे मिलने की तथा उनसे साक्षात्कार की अनुमति विभाग को देनी होगी ।
5. उनके द्वारा बताया गया कि बिड में शामिल होने वाली फर्मों से विभाग द्वारा विषय वस्तु उपलब्ध करवा कर उसका प्रस्तुतिकरण वित्तीय बिड से पूर्व लिया जाना चाहिए ।
6. मोशन ग्राफिक्स या आफ्टर इफेक्ट्स के बारे में टेंडर फार्म में कोई उल्लेख नहीं किया गया है ।

क्रय समिति द्वारा उनके इस प्रस्तावों पर बिन्दुवार निम्नानुसार अभिशंषा की :–

1. कार्य की गुणवत्ता के अनुसार बड़ी फर्मों के द्वारा कार्य करवाने के उद्देश्य से यह टर्न ओवर राशि रू. 1.00 करोड़ रखा गया है । बैठक में पूर्ण विचार विमर्श किया गया, जिसमें बिड की मूल भूत शर्तों में से एक महत्वपूर्ण शर्त होने के फलस्वरूप, बिड़ में पर्याप्त समय अवधि होने तथा आर.टी.पी.पी. नियम 2013 के नियम 51(2) के प्रावधानों के तहत समिति ने टर्न ऑवर की राशि रू 1.00 करोड़ के स्थान पर राशि रू. 25.00 लाख करने की समिति द्वारा अभिशंषा की गई।
2. निविदा में जैसा कि BOQ के अनुसार इस बिड में 30 मिनिट की एक फिल्म का निर्माण करवाया जावेगा ।
3. पूर्ण फिल्म एनिमशन बेस होगी ।
4. फिल्म निर्माण हेतु आवश्यक जानकारी विभाग द्वारा बिड डाक्यूमेंट में उल्लेखित अधिकारियों से व उनके सहयोग से आशा कार्यकर्ताओं से प्राप्त कर सकते हैं ।
5. तकनीकि निविदा में सफल बिड दाताओं से उनके द्वारा इस प्रकार के कार्यों के पूर्व अनुभव के आधार पर आशा से सम्बन्धित 30 सैकण्ड की एनिमेशन फिल्म तैयार कर प्रस्तुतिकरण हेतु आमंत्रित किया जावेगा ।
6. बिड डाक्यूमेंट में में अवगत कराया गया है कि 5–10 बोलते व चलते फिरते चरित्र होने चाहिए तथा अन्य चरित्र पृथक से होंगे ।

15/11/16

परामर्शद आई.ई.सी.	सहायक निदेशक स्टोर	उपनिदेशक जनसंपर्क.	मुख्य लेखाधिकारी आई.ई.सी

अतिरिक्त निदेशक आई.ई.सी.	निदेशक 15/11/16 आई.ई.सी